फोन नं0–05442–245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 4346 / एम–6 / 27 दिनांक 06/05/2026

विषयः– दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 03.05.2026 को ''मीरजापुर में जल जीवन मिशन का पानी नहीं : छटहां धर्मदेवा के ग्रामीण परेशान, एडीएम के निर्देश बेअसर, डीएम से जांच की मांग'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 03.05.2026 को ''मीरजापुर में जल जीवन मिशन का पानी नहीं : छटहां धर्मदेवा के ग्रामीण परेशान, एडीएम के निर्देश बेअसर, डीएम से जांच की मांग'' शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड पहाडी में मे0 रैमकी बाबा (जे0वी0) द्वारा निर्मित दांती ग्राम समूह पेयजल योजना से जलापूर्ति की जा रही है। समाचार में वर्णित ग्राम छितमपट्टी में 67 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिनमें समस्त हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। समाचार पत्र में वर्णित प्रजापति एवं ग्राह्मण बस्ती ग्राम भुसरौल अन्तर्गत स्थित है, ग्राम में 68 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 30 नग हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। समाचार पत्र में वर्णित हरिजन बस्ती, मल्लहा बस्ती एवं ब्राह्मण बस्ती ग्राम छटहां अन्तर्गत स्थित है, ग्राम में 199 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 35 नग हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। ग्राम केशवपट्टी में 50 नग हाउस कनेक्शन प्रदान कियें गये है, जिसमें समस्त हाउस कनेक्शनों में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। समाचार पत्र में वर्णित भगदना ग्राम धर्मदेवा अन्तर्गत स्थित है, ग्राम में 335 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 183 नग हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। उक्त वर्णित समस्त ग्रामों में जलापूर्ति से वंचित हाउस कनेक्शनों के समाधान हेतु पाइप लाइन चोकेज एवं वाल्व अधिष्ठापन कार्य प्रगति पर है, जिसे दिनांक 12.05.2026 तक सही कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।







भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्यं विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता